नव भारत
1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ


6 बिहार में बारिश में तैयार होगी वोटर लिस्ट!


7 एमएसएमई : नवाचार और विकास की नई रीढ़


8 टी20 पावरप्ले नियमों में बड़ा बदलाव



# पुरी में महाप्रभु की महायात्रा

**06** बजे सुबह श्रीमंदिर में मंगला आरती के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना

**300** टन का था भगवान जगन्नाथ का रथ, सोने के झाड़ू से झाड़ू लगाई

**पुरी, ओडिशा, 27 जून. विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुक्रवार 27 जून को धार्मिक श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ आरंभ हुई.**

सुबह 6 बजे श्रीमंदिर में मंगला आरती के साथ भगवान जगन्नाथ, भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई. इसके बाद पारंपरिक 'पाहिंदी' विधि से तीनों देवताओं को रथों तक ले जाया गया और दोपहर 4 बजे से रथ खींचने की रस्म शुरू हुई. खास बात दोपहर 3 बजे पुरी राजपरिवार के गजपति दिव्य सिंह देव रथ के आगे सोने के झाड़ू से बुहारा लगाकर रथ यात्रा की शुरुआत की. भगवान जगन्नाथ का रथ 300 टन का था जिसमें के पहियों वाले नंदीघोष रथ की रस्सी को शंखाचुड़ा नाड़ी, 14 पहियों वाले बलभद्र के रथ की रस्सी को बासुकी और 12 पहियों के सुभद्रा के रथ दर्पदलन को स्वर्णचूड़ा नाड़ी के नाम की रस्सी से खींचा जाता है. 3 किलोमीटर दूर गुंडिचा मंदिर जाएंगे. ये उनकी मौसी का घर माना जाता है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक्स पर कहा कि इस भव्य उत्सव में भाग लेने के लिए लाखों भक्त एकत्र होते हैं और देश के विभिन्न हिस्सों में भी इसी तरह की यात्रायें आयोजित की जाती हैं. वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रथयात्रा की शुभकामनाएं दी.

# 30402 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

## 35 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

**94** औद्योगिक इकाइयों एवं क्लस्टर्स का भूमि-पूजन और लोकार्पण

**3861** करोड़ की ऋण राशि सिंगल क्लिक से हस्तांतरित की

नवभारत न्यूज

**रतलाम. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में 8वीं रीजनल राइज इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव रतलाम में हुई. इसमें 94 औद्योगिक ईकाइयों एवं क्लस्टर्स का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया गया. कॉन्क्लेव में 30402 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए . इसमें 35000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रतलाम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राईस) कॉन्क्लेव में शामिल हुए. उन्होंने एमपी राइज 2025 कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कहा है कि देश के साथ-साथ अब मध्यप्रदेश भी बदल रहा है. यहां विकास के सभी क्षेत्रों में नवाचार हो रहे हैं. हर क्षेत्र में निवेश का अच्छा माहौल बना है. उन्होंने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास का यह कारवां रूकेगा नहीं, बल्कि अब और तेज गति से आगे बढ़ेगा. रतलाम पहले सेव, साड़ियों और सोने के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यही रतलाम स्किल, स्केल और स्टार्टअप्स के लिए जाना जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रतलाम की राइज कॉन्क्लेव में 30402 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे 35 हजार 520 रोजगार का सृजन होगा. उन्होंने कहा कि निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए वे 29 जून को सूरत में रोड-शो करने जा रहे हैं. साथ ही 2012 करोड़ रूपए से अधिक लागत की 94 औद्योगिक इकाइयों और क्लस्टर्स का भूमिपूजन और लोकार्पण किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव में प्रदेश के 4 लाख से अधिक हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिए 3861 करोड़ रूपए की ऋण राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खातों में हस्तांतरित की. मुख्यमंत्री ने 6000 करोड़ रूपए से अधिक निवेश करने और 17600 से अधिक रोजगार प्रदान करने वाली 35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान किए. साथ ही 2012 करोड़ रूपए से अधिक लागत की 94 औद्योगिक इकाइयों और क्लस्टर्स का भूमिपूजन और लोकार्पण किया.



### निरंतर प्रयासों से औद्योगिक विकास को दी नई दिशा : शर्मा

सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निरंतर प्रयासों ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार रखा कि समावेशी और संतुलित औद्योगिक विकास के लिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएं. इसी सोच के तहत प्रदेश के संभागों में आरआईसी का सफल आयोजन किया गया, जिससे समग्र विकास की अवधारणा को मजबूती मिली. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश में उद्योग-फ्रेंडली वातावरण बना है, जिससे निवेशकों का भरोसा और भागीदारी दोनों बढ़े हैं. इन पहलों ने प्रदेश की औद्योगिक गति को तेज किया है और रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं.

## एक नजर में



### लखनऊ में हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

**नई दिल्ली.** उप्र की राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद इलाके से पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में हथियारों का भारी जखीरा बरामद किया गया है. मिर्जागंज गांव में सलाउद्दीन उर्फ लाला नामक व्यक्ति के घर पर छापेमारी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में अवैध असलहे, कारतूस, बारूद, असलहे बनाने के उपकरण और वन्य जीवों के अवशेष मिले हैं. सूत्रों के अनुसार, 25 जून की रात पुलिस को खुफिया सूचना मिली कि सलाउद्दीन अपने घर में बड़े पैमाने पर हथियार छिपाकर रखे हुए है.

### सात के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब के गुरदासपुर पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड हमले के मामले में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी रिंदा समेत सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है. यह हमला पिछले वर्ष दिसंबर में किया गया था और इसके सात आरोपियों में से तीन अभी भी फरार हैं. अमेरिका में रहने वाला पासिया, पाकिस्तान में रहने वाला आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और शमशेर सिंह उर्फ शेरा उर्फ हनी तीनों फरार हैं. सभी सात आरोपियों पर आरोप पत्र दाखिल किया गया है.

# पीएम मोदी आज करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली, 27 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज यहां समाज सुधारक आचार्य विद्यानंद महाराज के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि मोदी इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे.**

यह कार्यक्रम सरकार द्वारा भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रीय श्रद्धांजलि समारोह की औपचारिक शुरुआत होगी. इसका उद्देश्य जैन धर्म के जाने माने



आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक आचार्य विद्यानंद महाराज की 100वीं जयंती को मनाना है. इस समारोह में देश भर में सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे जिनका उद्देश्य आचार्य के जीवन तथा विरासत को मनाना और उनके संदेश का प्रसार करना है.


# भारत-चीन सीमा पर शांति के लिए बातचीत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की रक्षा मंत्रियों से बैठक

देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय मुलाकातें कीं

**नई दिल्ली/किंगदाओ, 27 जून. भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर कई देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय मुलाकातें कीं.**

इन बैठकों में सैन्य सहयोग,



तकनीकी साझेदारी, सीमा सुरक्षा और आतंकवाद जैसे अहम मुद्दों पर गहन चर्चा हुई. चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ हुई मुलाकात में राजनाथ सिंह ने भारत-चीन सीमा पर स्थायी शांति के लिए लंबित मुद्दों पर बल दिया. उन्होंने दोनों पक्षों के बीच संवाद को फिर से सक्रिय करने का प्रस्ताव रखा. दोनों नेताओं ने सीमांकन, सैनिकों की वापसी और तनाव कम करने जैसे विषयों पर विभिन्न स्तरों पर संवाद जारी रखने की सहमति दी.

# गैंगस्टर जग्गू की मां की हत्या

**नई दिल्ली,27 जून.पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर की शुक्रवार को बटाला में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई.**

यह वारदात किसी आम आपराधिक घटना से कहीं ज्यादा, दो गैंगों के बीच वर्षों से चल रही खूनखराबे की दुश्मनी का नतीजा बताई जा रही है. इस हत्या की जिम्मेदारी बंबीहा गैंग से जुड़े बदमाश प्रभू दासुवाल और कौशल चौधरी ने सोशल मीडिया के जरिए ली है.

हरजीत कौर की पहचान



केवल गैंगस्टर की मां के रूप में नहीं थी. वह गुरदासपुर जिले के अपने गांव की सरपंच भी रह चुकी थीं और सामाजिक व राजनीतिक तौर पर सक्रिय थीं. वह अपने बेटे की सुरक्षा को लेकर कई बार अदालत भी गई थीं. वर्ष 2022 में उन्होंने जग्गू के लिए जेल में बुलेटप्रूफ जैकेट की मांग तक की थी.

# विमान हादसे की जांच पहुंची संसद तक

- नागरिक उड्डयन सचिव और बोइंग अधिकारी तलब
- अब संसद पहुंची विमान हादसे की आग

**नई दिल्ली,27 जून. अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद अब यह मामला संसद की परिवहन मामलों की समिति तक पहुंच गया है. इस संबंध में समिति ने नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा और बोइंग कंपनी के अधिकारियों को तलब किया है.**

एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171, जो ड्रीमलाइनर 787-8 विमान थी, 12 जून 2025 को उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी. इस हादसे में विमान में सवार 242 यात्रियों में से 241 लोगों की मौत हो गई, वहीं 30 से अधिक जिंदगियां ज़मीन पर भी खत्म हो गईं. यह भारत के विमानन इतिहास की सबसे गंभीर दुर्घटनाओं में से एक मानी जा रही है.

राज्यसभा सांसद और जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के नेतृत्व में बनी संसदीय समिति इस दुर्घटना की गहराई से जांच करेगी.

> सूत्रों के मुताबिक यह समिति नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), एयर इंडिया और बोइंग जैसी कंपनियों के साथ बैठकें कर रही है. समिति एयर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मैन, मशीन, मैकेनिज्म और सिस्टम यानी मानव, यंत्र, प्रक्रिया और प्रणाली के नजरिए से विस्तृत विश्लेषण कर एक रिपोर्ट तैयार करेगी. इसके साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि इस विमान की खरीद कब और कैसे हुई थी.

# कागजों में चल रही फर्मों के जरिए 33 करोड़ का फर्जीवाड़ा

ईओडब्ल्यू सरगना को रांची से गिरफ्तार लाई जबलपुर

कोर्ट में पेश कर पांच दिन की रिमांड पर ले गई भोपाल

**जबलपुर,27 जून. ईओडब्ल्यू ने जीएसटी में इनपुट टैक्स क्रेडिट का फर्जीवाड़ा कर शासन को चूना लगाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया गया है. कागजों में चल रही फर्मों के जरिए लगभग 33 करोड़ का फर्जीवाड़ा उजागर हो गया है.**

ईओडब्ल्यू सरगना विनोद



कुमार सहाय को रांची से गिरफ्तार कर जबलपुर लेकर आई न्यायालय में पेश कर पांच दिन की रिमांड लेकर टीम उसे लेकर भोपाल रवाना हो गई हैं जहां उससे सघन पूछताछ होगी.

यह मामला जबलपुर, भोपाल एवं इंदौर में एक सुनियोजित और बड़े पैमाने पर की गई जीएसटी धोखाधड़ी से जुड़ा है. जिसमें एन. के. खरे उर्फ विनोद कुमार सहाय इस संगठित गिरोह का सरगना है. इस गिरोह ने भोले-भाले लोगों को झांसा देकर उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग किया और फर्जी फर्मे बनाकर करोड़ों रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट का अवैध हस्तांतरण कर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया. मामले का खुलासा प्रताप सिंह लोधी की शिकायत और वाणिज्य कर विभाग, जबलपुर की सहायक आयुक्तों श्रीमती वैष्णवी पटेल और श्रीमती ज्योत्सना ठाकुर द्वारा भेजी गई रिपोर्टों से हुआ.

### ऋण का झांसा देकर फर्जीवाड़ा

मुख्य आरोपी विनोद कुमार सहाय जो खुद को पहले एन. के. खरे बताता था जिसने वर्ष 2019-2020 के दौरान जबलपुर में प्रताप सिंह लोधी, दीनदयाल लोधी, रविकांत सिंह और नीलेश कुमार पटेल जैसे व्यक्तियों से संपर्क किया. उसने इन लोगों को यह कहकर झांसा दिया कि ऋण प्राप्त करने के लिए जीएसटी पंजीकरण आवश्यक है. इसके बहाने महत्वपूर्ण दस्तावेज हासिल कर लिए.

## गुस्ताखी माफ




**डीजल घोटाला** प्रशासन में हड़कंप, पेट्रोल पंप सील, कई गाड़ियों के थमे पहिये

# सीएम काफिले की गाड़ियों में डीजल की जगह पानी

**रतलाम, 27 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रतलाम दौरे से पहले उनके काफिले की गाड़ियां गुरुवार रात को उस समय अचानक बीच रास्ते में बंद हो गईं, जब उनमें डीजल की जगह पानी मिला ईंधन भर गया.**

यह मामला तब सामने आया जब भोपाल से रवाना हुआ सीएम का काफिला रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव 2025 की अंतिम रिहर्सल के लिए रतलाम जा रहा था. काफिला जैसे ही डोसीगांव



स्थित एक पेट्रोल पंप पर रुका और डीजल भरवाया, उसके बाद गाड़ियां स्टार्ट ही नहीं हुईं.

कुछ वाहन तो पेट्रोल पंप पर ही बंद हो गए, जिन्हें सुरक्षाकर्मियों ने धक्का मारकर साइड किया.

प्रशासनिक अधिकारियों की प्राथमिक जांच में पाया गया कि ईंधन में पानी मिला हुआ था, जिससे इंजन फेल हो गए. यह केवल एक तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में गंभीर चूक मानी जा रही है. घटना के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में इंदौर से वैकल्पिक गाड़ियां मंगाई गईं ताकि मुख्यमंत्री की यात्रा और रिहर्सल पर असर न पड़े.

> रतलाम के एसडीएम अनिल भाना ने तत्काल प्रभाव से पेट्रोल पंप को सील कर जांच के आदेश दिए. उन्होंने कहा कि डीजल की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई है और मामले की विस्तृत जांच जारी है. इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से अधिकारी, निवेशक और युवा शामिल हो रहे हैं और यह औद्योगिक विकास, रोजगार और कौशल उन्नयन जैसे विषयों पर केंद्रित है. स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले भी इस पेट्रोल पंप पर मिलावटी ईंधन की शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. अब जब यह चूक मुख्यमंत्री के काफिले में सामने आई है, तब जाकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है. यह मामला अब पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है.

# बीकेआई के तीन आतंकवादी गिरफ्तार :पुलिस महानिदेशक

**मोहाली, 27 जून. पंजाब में मोहाली स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ( एसएसओसी ) ने पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल ( बीकेआई ) के आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह हैं. दोनों अमृतसर ग्रामीण के रामदास के निवासी हैं. इसके अलावा एक किशोर को भी पकड़ा गया है. आरोपियों के पास से दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया है.

उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस गिरफ्तारी के साथ एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है जिससे कई निर्दोष लोगों की जान बच गयी है.

डीजीपी ने कहा कि इस मॉड्यूल को ब्रिटेन में रह रहे निशान सिंह और पाकिस्तान में रह रहे आतंकवादी हरविंदर रिंदा संचालित कर रहे थे. यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था.